पहली बारिश में टूटा 10 लाख का स्टॉप डेम

सेंधवा, (रमन बोरखड़े)। ग्राम पंचायत कलालदा में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्टॉप डैम डेढ़ वर्ष बाद भी अधूरा है। जिम्मेदारों द्वारा स्टॉप डैम में गेट लगाने के लिए लगाई चैनल को सीमेंटीकरण में दबा दिए जाने से उसमें बारिश का पानी नहीं रोका जा रहा है।

गत वर्ष भी बारिश काल के बाद वर्षा जल का संग्रहण नहीं हो सका और ग्रामीणों को योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया। ग्रामीणों के अनुसार जिस मकसद से लाखों रुपये खर्च कर स्टेप डेम बनाया था, उसका लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पाया।

जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान डेम में गेट लगाने के लिए आवश्यक चैनल फ्रेम को सीमेंट कांक्रीट में दबा दिया। वहीं संबंधित पंचायत के इंजीनियर ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इसके कारण वर्ष 2025 में वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद भी गेट नहीं लगाए जा सके। गेट नहीं लगने से

बारिश का पानी रोका नहीं जा सका और पूरा पानी बह गया। परिणामस्वरूप जल संग्रहण की मूल योजना प्रभावी नहीं हो पाई तथा किसानों और ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण के समय आवश्यक तकनीकी प्रावधान किए जाते तो वर्षा जल का संग्रहण संभव हो सकता था।

मामले में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण में हुई अनियमितताओं के बीच संबंधित इंजीनियर की लापरवाही की चर्चा भी सामने आ रही है। उनका कहना है कि यदि इस वर्ष भी आवश्यक सुधार नहीं किए और गेट लगाने की व्यवस्था नहीं हुई, तो लगभग 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्टेप डेम की उपयोगिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग जाएंगे। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जांच कर तकनीकी खामियों को दूर करने तथा स्टेप डेम को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाने की मांग की है। मामले में इंजीनियर प्रशांत शर्मा को जानकारी के लिए कॉल किया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।

कार्रवाई की जाएगी...

जपं सीईओ अंजली बड़ोले ने कहा कि कलालदा पंचायत के स्टॉप डेम मामले में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बारिशकाल के बाद स्टॉप डेम में गेट लगा कर पानी रोका जाएगा। कलेक्टर जयति सिंह ने मामले में जांच व कार्रवाई की बात कही है।

कांक्रीट के नीचे से मिट्टी कटाव की शिकायत

ग्रामीणों का आरोप है कि स्टॉप डेम के दोनों ओर निर्धारित मानकों के अनुरूप सीमेंट-कांक्रीट कार्य नहीं किया, केवल सतही स्तर पर कांक्रीटीकरण किया है। इसके कारण पिछले वर्ष हुई बारिश में कांक्रीट के नीचे की मिट्टी का कटाव हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि संबंधित स्थल पर जनपद सीईओ अंजली बड़ोले निरीक्षण करती है तो सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। यदि इतना कुछ होने के बावजूद स्टॉप डेम को मानक गुणवत्ता के साथ आवश्यक सीमेंट-कांक्रीट सुदृढ़ीकरण नहीं कराया, तो वर्षा ऋतु में स्टॉप डेम के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहेगी।

भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि मनाई

पानसेमल। क्षेत्र की ग्राम पंचायत वांगरा में समाजजनों ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोंटा खेड़कर के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, त्याग एवं आदिवासी समाज के उत्थान के लिए उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के वरिष्ठों ने बताया कि उनके विचार एवं आदर्श आज भी समाज को अधिकार, स्वाभिमान और एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। इस दौरान रामदास किराड़े, देवीसिंह सेनानी, अजय वास्कले, नितिन खेडेकर, नवलसिंह वास्कले, मोहन सोलंकी, आशाराम सेनानी, प्रकाश सोलंकी, नरसिंह सेनानी, मनोज डावर, करण चौहान सहित वरिष्ठ एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्नेहा दावदे ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में लहराया तिरंगा

बड़वानी, (नवभारत)। शहर की बेटी स्नेहा दावदे ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर तिरंगे का मान बढ़ाया है। जापान के काकामिगहारा में 29 मई से 6 जून तक हुई अंडर-18 एशिया कप महिला हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस गौरवशाली टीम में स्नेहा दावदे ने बतौर श्रेष्ठ मिडफील्डर की भूमिका निभाते हुए देश और अपने गृह नगर को गौरवान्वित किया है।

ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने दिल्ली में भारत सरकार के खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडवीया से विशेष भेंट की। खेल मंत्री ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए टीम को बधाई दी और सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को 1-1 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया।

हॉकी कोच मुकेश राठौर ने बताया कि टीम की स्टार खिलाड़ी स्नेहा दावदे ग्वालियर शहर पहुंची। इसके बाद गुरुवार को स्नेहा का बड़वानी में आगमन होगा।

विधायक बर्डे ने मंत्री और वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

- विकास कार्यों को लेकर की चर्चा
- मंत्रियों ने दिया आश्वासन

पानसेमल, (नवभारत)। प्रधानमंत्री के ध्येय वाक्य विश्वास ही हमारा संकल्प है और जनसेवा ही हमारा धर्म तथा मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा जनकल्याण और विकास के कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता को सार्थक करने के लिए पानसेमल विधायक श्याम बर्डे ने भोपाल प्रवास के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं दी एवं उनका मार्गदर्शन लिया।

दोनों के बीच संगठनात्मक विषयों एवं क्षेत्र के विकास संबंधी

मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। मप्र से राज्यसभा सांसद पद के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता तरुण चूघ को विजयश्री की अग्रिम शुभकामनाएं देकर सफल एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल की कामना की।

विधायक ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं एवं मंत्रियों से भेंट कर विस के विकास कार्यों को नई गति देने के लिए मंत्रालयों में चर्चाएं की। उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज से जुड़े विषयों पर वरिष्ठ नेता प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल तथा मंत्री संपत्तियां उसके से भेंट कर क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। विधायक बरड़े ने पानसेमल विधानसभा में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई एवं आधारभूत संरचना से संबंधित नई विकास योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। सभी मंत्रियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रस्तावित योजनाओं के शीघ्र परीक्षण एवं स्वीकृति का आश्वासन दिया। विधानसभा क्षेत्रवासियों, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में जानकारी मिलने पर हर्ष जताया तथा विधायक श्याम बरड़े के प्रयासों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी और विश्वास जताया कि आने वाले समय में पानसेमल विधानसभा विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

निरंतर जारी रहेगी यात्रा

सशक्त नेतृत्व, सतत प्रयास और जनहित के प्रति समर्पण ही विकास की असली पहचान है। पानसेमल विधानसभा में विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

शिक्षकों की ट्रेंनिग शुरू

बड़वानी। जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने और परीक्षाओं में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने कलेक्टर ने महत्वपूर्ण और कड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर के निर्देशों के तहत कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय के शिक्षकों का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण 8 से 9 जून तक शासकीय कन्या उमावि में हुआ। 7 विकासखंडों के उमा विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में जिन शासकीय हाई और हासे स्कूलों का पिछले वर्ष का बोर्ड परीक्षा परिणाम कम रहा है, वहां के शिक्षकों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल किया। विशेषज्ञों ने कठिन अध्यायों को सरल व रोचक तरीके से समझाने, डिजिटल लर्निंग टूल्स का उपयोग करने तथा परीक्षाओं के दौरान छात्रों के मानसिक तनाव को दूर करने के गुर सिखाए।

एसपी ने किया थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश

बड़वानी, (नवभारत)। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा थानों में रखे लावारिस-जब्त वाहनों और जब्तशुदा शराब के निराकरण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान अंतर्गत एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने 8 जून 2026 को शहर थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया।

क्यूआर कोड आधारित सराहनीय पहल

उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, अभिलेखों एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायतों एवं सीएम हैल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा कर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कोतवाली द्वारा विकसित क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था का भी प्रदर्शन किया गया। उक्त नवाचार से क्यूआर कोड स्कैन करते ही थाना परिसर में रखे लावारिस एवं जब्त वाहनों, कोत में रखे आर्म्स तथा थाना तैनाती संबंधी संपूर्ण जानकारी तत्काल प्राप्त की जा सकती है। एसपी ने इस नवाचारी पहल की सराहना करते हुए इसे पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस व्यवस्था का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया, थाना प्रभारी बलजितसिंह बिसेन एवं थाने का स्टॉफ उपस्थित रहा।

एक नजर में

प्राकृतिक खेती के लिए सांसद अनिता नागर सिंह चौहान बनीं प्रशिक्षु

महिला किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रेरित

आलीराजपुर। देशभर में चल रहे प्राकृतिक खेती अभियान के बीच आलीराजपुर की सांसद अनिता नागर सिंह चौहान ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए स्वयं प्रशिक्षु छात्रा बनकर ग्रामीण महिला किसानों के साथ प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाली जैविक खाद एवं प्राकृतिक कीटनाशकों के निर्माण और उपयोग की विधियों को समझने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की। सांसद चौहान के अनुरोध पर कृषि विज्ञान केंद्र, आलीराजपुर द्वारा 6 से 8 जून तक तीन दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राकेश यादव ने बताया कि प्रशिक्षण में जिले की 30 ग्रामीण महिला किसानों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बी.एल. प्रजापति, डॉ. सुभाष रावत, डॉ. एम.के. गुप्ता, डॉ. मुकेश बेनल तथा डॉ. सुदीप तोमर ने प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती की उपयोगिता, जैविक खाद एवं प्राकृतिक कीटनाशकों के निर्माण की विधियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी प्रतिभागियों को केंद्र में विशेष रूप से विकसित प्राकृतिक खेती परिसर का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम में केंचुआ खाद, जीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र तथा पांच पत्ती काढ़ा जैसे प्राकृतिक उत्पादों के निर्माण, उपयोग एवं खेती में उनके लाभों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डॉ. राकेश यादव ने सांसद द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण, भूमि स्वास्थ्य सुधार तथा किसानों एवं उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। सांसद अनिता नागर सिंह चौहान ने कहा कि खेती में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग से भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है, मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भी बढ़ रही है। इसके साथ ही कृषि लागत में वृद्धि होने से किसानों का लाभ भी कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती इन सभी चुनौतियों का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने उपस्थित महिला किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राकृतिक खेती संबंधी सोच एवं संकल्प से अवगत कराया तथा स्वयं प्राकृतिक खेती अपनाने के साथ सभी किसानों को भी इसे अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान डीएससी के जितेंद्र गोयल एवं मनीष गिरधानी ने पोषण वाटिका एवं बीआरसी से संबंधित जानकारी साझा करते हुए जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उक्त जानकारी केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राकेश यादव द्वारा दी गई।

30 पेटी अवैध शराब सहित लक्जरी कार जब्त

पेटलावद। झकनावद में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में झकनावदा पुलिस चौकी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 पेटी अवैध लाल देशी मसाला शराब से भरी एक लक्जरी कार गाड़ी नंबर जीजे 05 सीएस 3015 को बिजोरी - रूपाखेड़ा मार्ग से जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और पेटलावद एसडीओपी अनुरक्ति शबनानी के साथ ही रायपुरिया थाना प्रभारी गीता जाटव के नेतृत्व में झकनावदा चौकी प्रभारी सुरेन्द्रसिंह सिसोदिया ने सोमवार-मंगलवार की अल सुबह 6 बजे करीब मुखबीर से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई की। सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन लक्जरी कार में बड़ी मात्रा में अवैध लाल देशी मसाला शराब, कुल 30 पेटी,270 लीटर करीब कुल कीमत डेढ़ लाख की परिवहन की जा रही है।

गंगा तट पर बही ज्ञान और भक्ति की अविरल धारा

- देवी वैष्णवी ने किया श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन

पेटलावद। श्रीजी पथ भक्त मंडल द्वारा योग नगरी ऋषिकेश में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गंगा तट पर आयोजित इस दिव्य आयोजन में कथा प्रवक्ता देवी वैष्णवी जी भट्ट ने सात दिनों तक श्रीमद्भागवत महापुराण का रसपूर्ण वाचन करते हुए भगवान की विभिन्न लीलाओं एवं दिव्य चरित्रों का गुणगान किया।

कथा के दौरान देवी वैष्णवी ने बताया कि मनुष्य को भगवान के प्रत्येक स्वरूप का पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ स्मरण एवं भजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित को अपनी मृत्यु का समय ज्ञात था, किंतु आज के मनुष्य को यह नहीं पता कि जीवन का अंतिम क्षण कब आएगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को हर समय प्रभु भक्ति और ईश्वर प्राप्ति के मार्ग पर अग्रसर रहना चाहिए। प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत के महत्व और सत्यम् धीमहि के आधार पर प्रवचन का शुभारंभ हुआ। द्वितीय दिवस भगवान की विविध लीलाओं तथा राजा परीक्षित द्वारा शुकदेव जी से भागवत श्रवण के प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया गया। कथा में बताया गया कि भगवान ने विभिन्न अवतार धारण कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना के साथ-साथ अपने भक्तों का उद्धार भी किया।

पानी की समस्याओं का समाधान होने पर किया कलेक्टर का सम्मान...

आलीराजपुर। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। लगभग 10 वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे ग्राम गोलापलवी के भील फलिया के ग्रामीणों की समस्या का समाधान होने पर ग्रामीणजन जनसुनवाई में कलेक्टर नीतू माथुर से मिलने पहुंचे और उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें पानी के लिए प्रतिदिन लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है और उनके जीवन में बड़ी राहत मिली है। इस दौरान ग्रामीणों ने जनजातीय समाज की पारंपरिक सामग्री चोमल और टोकरी भेंट कर कलेक्टर का सम्मान किया तथा कहा कि वर्षों से चली आ रही उनकी पेयजल समस्या का त्वरित संज्ञान लेकर उसका निराकरण किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 वर्षों से वे अपने फलिये में हैंडपंप की मांग कर रहे थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया था।

कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई का किया आयोजन

आलीराजपुर। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर नीतू माथुर ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में लिली किकरिया पति राजेश निवासी ग्राम रिछवी पटेल फलिया

तहसील आलीराजपुर ने आवेदन दिया कि परिवार के सदस्यों के नाम समग्र आईडी में जोड़ने की मांग की। उन्होंने बताया कि उचित मूल्य दुकान की मशीन में परिवार के सदस्यों के नाम प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण उन्हें खाद्यान्न का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है परिवार का पालन पोषण में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है परिवार के सदस्यों का समग्रआईडी में नाम जुड़वाया जाए ताकि मुझे खाद्यान्न का लाभ मिल सके।

जनसुनवाई में 97 आवेदनों पर सुनवाई

मेघनगर। मेघनगर के सांदीपनि विद्यालय में कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष जनसुनवाई का आयोजन हुआ। सुबह 11 शुरू हुई जनसुनवाई 1 बजे समाप्त हो गई। कलेक्टर डॉ. योगेश भरसट की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में 97 आवेदन आए। मेघनगर पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोनगरा में शहर में व्याप्त कई अव्यवस्थाओं ओर मांगो को लेकर कलेक्टर को आवेदन दिया। नगर में मुख्यमंत्री अधो संरचना के तहत बनाई गई (रेलवे स्टेशन से झाबुआ नाका, शिवाजी चौक से साईं चौराहा, आजाद चौक से पेट्रोल पंप होते हुए थांदला रोड) सड़कों की जर्जर स्थिति होने के बाद भी गारंटी अवधि में ठेकेदार से दुरुस्त कराने, रेलवे ओवरब्रिज की खस्ताहाल सड़क की मरम्मत करने तथा वहां बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू करने, शहर के प्रमुख चौराहो पर सार्वजिको शौचालय बनाने, पुराने रेलवे फाटक पर फुट ओवर ब्रिज]सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुगर और बीपी के मरीजों की जांच के लिए एनसीडी क्लीनिक शुरू करने, 1 वर्ष से बंद पड़े जन औषधि केंद्र को पुनः शुरू करने की मांग की।

साधारण सभा में वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान

इंदौर. अपना विचार मंच इंदौर की साधारण सभा ऊषाराजे परिसर, उषानगर में सम्पन्न हुई. मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार ज्योति जैन ने कहा सेहत पर खर्च करने वाला समय, खर्च नहीं इन्वेस्टमेंट है जो जीवनपर्यन्त आपको अच्छे स्वास्थ्य का रिटर्न देता है. श्रीमती जैन ने स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा शरीर ही हमारा सबसे बड़ा साथी है और इसे निरोगी रखना हमारा पहला कर्तव्य है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुस्कान ग्रुप के संस्थापक जीतू बगानी ने अंगदान का महत्व समझाया. समारोह में मंच के 75 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्यों आरएस गोयल, सुभाष धानापुने एवं नारायण नन्नौरे का शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया. साथ ही नियमित योग करवाने वाले प्रवीणचंद जैन एवं साइबर फ्रॉड से अपनी दादी को बचाने वाले 12वीं के छात्र दर्षील भंडारी को भी सम्मानित किया गया. इस अवसर पर रजक समाज के अध्यक्ष महेश ढालिया का भी सम्मान किया गया. मंच अध्यक्ष एल.एन. राठी ने गतिविधियों की जानकारी दी. सचिव सुनील लाहुरे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं सत्यप्रकाश चौरसिया ने आय-व्यय पत्रक पढ़ा. परिचय अपना विचार मंच के संस्थापक देवेन्द्र होलकर एवं नीतू जैन ने दिया. संचालन बी.एल. तिवारी ने किया. आभार सुनील लाहुरे ने माना.

एक नजर में

दो दिनों में 153 हैंडपंप किए चालू और 27 कुओं का किया क्लोरीनेशन

पेयजल समस्याओं का किया जा रहा त्वरित निराकरण

आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम पेयजल व्यवस्थाओं संबंधित बैठक लेकर समीक्षा की जाती है तथा पेयजल संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए जाते है। कलेक्टर माथुर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिले में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण किया जा रहा है। विभाग द्वारा 6 एवं 7 जून 2026 को प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों का शीघ्र समाधान करते हुए व्यापक स्तर

पर सुधार एवं संधारण कार्य किए गए।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सुखराम मेडा ने बताया कि इन दो दिवस के दौरान विकासखंड चन्द्रशेखर आजाद नगर में 23, कट्ठीवाड़ा में 19, आलीराजपुर में 28, सोण्डवा में 33, जोबट में 24 तथा उदयगढ़ में 23 हैंडपंपों का सुधार कार्य किया गया। इस प्रकार कुल 153 हैंडपंपों को पुनः चालू कर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि हैंडपंपों के संधारण कार्य के अंतर्गत 393 मीटर राइज पाइप बढ़ाने के साथ-साथ चेन, हेड, हैंडल, सिलेंडर, सिलेंडर बॉडी, अपर वाल्व, लोवर वाल्व, नायलॉन वॉशर सहित अन्य आवश्यक सामग्री का प्रतिस्थापन एवं मरम्मत कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त, सभी 153 हैंडपंपों तथा विभिन्न बसाहटों में स्थापित 27 कुओं का क्लोरीनेशन कर ग्रामीणजनों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया गया।